उपभोक्ता मामले विभाग (**DCA)** लाइसेंस केन्द्र
(DEPARTMENT OF CONSUMER AFFAIRS (DCA) LICENSING CENTER)
42 Broadway | New York, NY 10004
सोमवार-शुक्रवार: 9:00 a.m.-5:00 p.m. | बुधवार: 8:30 a.m.-5:00 p.m.
टेलीफ़ोन: 311 (212-NEW-YORK NYC से बाहर)
nyc.gov/dca | @NYCDCA

लाइसेंस आवेदन जाँच-सूची:
पुराने सामान के डीलर का सामान्य (परिसर)

पुराने सामान के डीलर का सामान्य लाइसेंस किसके पास होना चाहिए?

एक व्यक्ति या व्यवसाय जो न्यूयॉर्क शहर में ऑटोमोबाइल के अलावा अन्य उपयोग किए गए सामान खरीदता या बेचता है, उनके पास सेकंडहैंड डीलर जनरल लाइसेंस होना चाहिए।

यह वर्णन केवल सामान्य व्याख्या है कि किसके पास पुराने सामान के डीलर का सामान्य लाइसेंस होना चाहिए।

छूट: गराजों में बिक्री करने वाले और लाभेतर संगठनों के लिए पुराने सामान के डीलर के सामान्य लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

आवेदन-पत्र संबंधी आवश्यकताओं की त्वरित सूची

- ☐ बुनियादी लाइसेंस आवेदन-पत्र
- ☐ बिक्री कर पहचान संख्या या प्राधिकरण आवेदन पुष्टि प्रमाण-पत्र संख्या
- ☐ आपके $1,000 कम्प्लायंस बॉन्ड की प्रतिलिपि, उचित रूप से हस्ताक्षरित
- ☐ उँगलियों के निशान और प्रति व्यक्ति $75 प्रॉसेसिंग शुल्क (*यदि लागू हो*)
- ☐ कार्रवाई करने की प्राधिकार स्वीकृति अभिपुष्टि (*यदि लागू हो*)
- ☐ लाइसेंस शुल्क (पृष्ठ 6 पर चार्ट देखें।)

विस्तृत विवरण के लिए आवेदन-पत्र संबंधी आवश्यकताएँ खंड देखें।

अतिरिक्त शहर या राज्य परमिट/लाइसेंस/मंज़ूरी जिनकी आपको ज़रूरत हो सकती है

यदि आप या आपका व्यवसाय ऑडियो उपकरण, वीडियो उपकरण, फ़ोटोग्राफ़िक उपकरण, कंप्यूटर या कंप्यूटर उपकरण, या कैलक्यूलेटर बेचने की योजना बना रहा है, तो आपको DCA से एक *इलेक्ट्रॉनिक स्टोर* लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

यदि आप या आपका व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और/या घरेलू उपकरणों की मरम्मत या सेवा करने, या कहीं और मरम्मत या सेवा करवाने की योजना बना रहे हैं, तो आपको DCA से एक *इलेक्ट्रॉनिक एंड होम अप्लायन्स सर्विस डीलर* लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

यदि आप या आपका व्यवसाय जमाराशि या निजी संपत्ति की गिरवी पर पैसा उधार देने की योजना बना रहे हैं, तो आपको DCA से *पॉनब्रोकर* लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

यदि आप या आपका व्यवसाय पुराने ऑटोमोबाइल को खरीदने, बेचने या पुराने सामान से आंशिक अदायगी स्वीकार करने की योजना बना रहे हैं, तो आपको DCA से *पुराना सामान डीलर ऑटो* लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

सिटी की ऑनलाइन सेवा का उपयोग करते हुए अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए www.nyc.gov/BusinessToolbox पर जाएँ। **नोट:** इस समय, यह सेवा केवल लैपटॉप या डेस्कटॉप कंप्यूटर के उपयोग द्वारा ही उपलब्ध है।

या

व्यक्तिगत रूप से DCA Licensing Center, 42 Broadway, Manhattan में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच, और बुधवार को सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच प्रस्तुत कर सकते हैं।

अनुवाद सेवाएँ

यदि आप अंग्रेजी अच्छी तरह से नहीं बोल या समझ सकते हैं, तो कृपया जब आप लाइसेंसिंग केंद्र पर पहुँचे, तब हमें सूचित करें और हम अनुवाद सेवा प्रदान करेंगे।

उचित आवास

विकलांगता-संबंधी आवास का अनुरोध करने के लिए, कृपया विकलांग लोगों के आवास अनुरोध फ़ॉर्म (संलग्न) को भरें और प्रस्तुत करें। आप फ़ॉर्म के लिए DCA के विकलांग अमेरिका वासी अधिनियम (Americans with Disabilities Act-ADA) के समन्वयक को (212) 436-0155 पर फ़ोन कर सकते हैं।

आवेदन संबंधी आवश्यकताएँ

आपके द्वारा अपना DCA लाइसेंस आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने से पहले:
अपना आवेदन प्रस्तुत करने से *पहले* आपको निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेज़ों को प्राप्त करना होगा। हालाँकि DCA को व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन आपके आवेदन को संसाधित करने के लिए इन दस्तावेजों का प्रस्तुतिकरण आवश्यक नहीं है, तथापि DCA के पास न्यूयॉर्क शहर की प्रशासनिक संहिता की धारा 20-104 के तहत दस्तावेजों का अनुरोध करने और जाँच करने का अधिकार निहित है।

- आपके व्यवसाय की क़ानूनी संरचना के आधार पर लागू व्यापार प्रमाण-पत्र।
    - आपके स्वयं के अलावा किसी और नाम से परिचालन करने वाले एकल स्वामित्व वाले व्यक्तियों को, जिस काउंटी में आपका कारोबार संचालित हो रहा है, उस काउंटी के क्लर्क के पास व्यवसाय/कल्पित नाम प्रमाण-पत्र दर्ज करना होगा।
    - आपके स्वयं के नाम पर कारोबार संचालित करने वाले—न कि किसी व्यवसाय या के रूप में व्यवसाय करने वाले (DBA) नाम के तहत— एकल स्वामित्व को व्यवसाय प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं है।
    - सामान्य/व्यावसायिक साझेदारों को अपना भागीदारी प्रमाण-पत्र उस काउंटी के क्लर्क के पास जमा करना होगा जहाँ आपका व्यापार संचालित किया जा रहा है।
    - निगमों, सीमित भागीदारी, सीमित देयता कंपनियों, या सीमित देयता भागीदारी संस्थाओं को न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट (New York State Department of State) के पास पंजीकृत कराना और सक्रिय रहना होगा। आप http://www.dos.ny.gov/corps/bus_entity_search.html पर अपने व्यावसायिक संस्था की स्थिति की पुष्टि कर सकते हैं। यदि लागू हो, तो आपको अपने व्यापार के लिए एक कल्पित नाम प्रमाण-पत्र भी फ़ाइल करना चाहिए।
    - राज्य से बाहर निगमित व्यवसायों को अपने गृह राज्य के राज्य सचिव से अच्छी स्थिति में व्यापार करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा और न्यूयॉर्क में व्यापार संचालित करने के प्राधिकार के लिए उसे एक आवेदन-पत्र के साथ न्यूयॉर्क राज्य सचिव के पास प्रस्तुत करना होगा।

जब आप अपना DCA लाइसेंस आवेदन-पत्र प्रस्तुत करें:
आपका लाइसेंस आवेदन-पत्र दाखिल करते समय की आवश्यकताएं नीचे प्रस्तुत हैं। यदि आप सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने से चूक जाते हैं, तो आपका आवेदन अस्वीकृत हो जाएगा।

- **मूलभूत लाइसेंस आवेदन-पत्र** (संलग्न)।
  अनुस्मारक: यदि आपके व्यापार की क़ानूनी संरचना एकल स्वामित्व या सामान्य या सीमित भागीदारी है, तो आपको आवेदन के बाल सहायता प्रमाणन खंड को भरना होगा।

- **बिक्री कर पहचान संख्या या प्राधिकरण आवेदन पुष्टि प्रमाण-पत्र संख्या।**
  आपके न्यूयॉर्क राज्य कराधान और वित्त विभाग (New York State Department of Taxation and Finance) प्रमाणपत्र प्राधिकरण पर 9, 10, या 11 अंकीय संख्या बिक्री कर पहचान संख्या है। आपको मूलभूत लाइसेंस आवेदन-पत्र पर यह नंबर दर्ज करना होगा। यदि आपने अपना प्राधिकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया है, तो कृपया प्राधिकरण प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर आपको प्राप्त 6-अंकीय पुष्टि संख्या दर्ज करें।

  प्राधिकरण प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन की प्रस्तुति हेतु https://licensecenter.ny.gov पर NYS लाइसेंस सेंटर जाएँ। आपको आवेदन-पत्र तक पहुँचने के लिए NY.gov ID की ज़रूरत होगी। काग़ज़ी आवेदन का अनुरोध करने के लिए, (518) 485-2889 को फ़ोन करें। अपना प्राधिकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए न्यूयॉर्क राज्य कराधान और वित्त विभाग (New York State Department of Taxation and Finance) के पास आवेदन प्रस्तुत करने के बाद चार से छह सप्ताह प्रतीक्षा करें।

- **आपके $1,000 सम्मति बॉन्ड की प्रतिलिपि, उचित रूप से हस्ताक्षरित।**
  बॉण्ड की प्रतिलिपि पर प्रमाण-पत्र धारक के रूप में उपभोक्ता मामले विभाग (Department of Consumer Affairs) का नाम होना चाहिए। आपकी कंपनी का नाम, के रूप में व्यवसाय संचालित (DBA) नाम (यदि कोई हो), और परिसर पता बिल्कुल वैसा ही हो, जैसा सभी दस्तावेजों पर है। आपको बॉण्ड रसीद की प्रतिलिपि भी जमा करनी होगी, जो दर्शाए कि बॉण्ड का संपूर्ण भुगतान किया गया है और उसकी समय-सीमा लाइसेंसिंग अवधि के अंत से पहले समाप्त नहीं होगी।

- **उँगलियों के निशान और संसाधन शुल्क।**
  सभी एकल स्वामित्व धारक, सामान्य भागीदार, कंपनी अधिकारी, सदस्य और कंपनी स्टॉक में 10% या अधिक अंश रखने वाले सभी शेयरधारकों की उँगलियों के निशान DCA लाइसेंसिंग सेंटर के पास जमा रहने चाहिए। ***अपवाद***: *उँगलियों के निशान देने वाले व्यक्ति या जिन्होंने पिछले तीन साल में सक्रिय DCA लाइसेंस के लिए उँगलियों के निशान उपलब्ध कराए हैं, उनके उँगलियों के निशान लेने की आवश्यकता नहीं है।*
  आपको फ़ोटो पहचान (ID) के साथ DCA लाइसेंसिंग सेंटर जाना होगा और $75 संसाधन शुल्क का भुगतान करना होगा। ID के स्वीकार्य फ़ॉर्मों में शामिल हैं:
  - मोटर वाहन राज्य विभाग (State Department of Motor Vehicles) द्वारा जारी ड्राइवर लाइसेंस या ड्राइवर-इतर लाइसेंस पहचान
  - सरकारी एजेंसी द्वारा जारी लाइसेंस या परमिट
  - पासपोर्ट
  - विदेशी कार्ड/ग्रीन कार्ड
  - शहर, राज्य, या संघीय कर्मचारी ID कार्ड
  - म्यूनिसिपल ID कार्ड

  किन्हीं आपराधिक रिकॉर्ड के लिए आपकी उँगलियों के निशान की जाँच की जाएगी। नोट करें कि दोष-सिद्धि आपको लाइसेंस मंजूर करने से रोके, यह ज़रूरी नहीं। लेकिन, किसी दोष-सिद्धि को प्रकट करने में चूक आपके आवेदन की अस्वीकृति का कारण बन सकता है।

- **कार्रवाई करने कीप्राधिकार स्वीकृति अभिपुष्टि** (संलग्न)।
  यदि यह आवेदन लाइसेंस आवेदक के अलावा किसी और के द्वारा तैयार और प्रस्तुत किया जाएगा, तो लाइसेंस आवेदक को कार्य करने का प्राधिकार देने की अभिपुष्टि प्रस्तुत करनी होगी। **नोट**: आवेदक को सभी आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना होगा।

- **लाइसेंस शुल्क**।
  नीचे दिया गया चार्ट आपके द्वारा अपना लाइसेंस आवेदन प्रस्तुत करने के समय के आधार पर देय राशि सूचीबद्ध करता है। **नोट:** विषम वर्ष किसी विषम अंक से समाप्त होने वाला कोई भी वर्ष है; उदाहरण के लिए, 2019. सम वर्ष किसी सम अंक से समाप्त होने वाला कोई भी वर्ष है; उदाहरण के लिए, 2020.

पुराने सामान के डीलर का सामान्य लाइसेंस शुल्क			
लाइसेंस अवधि	**लाइसेंस समाप्ति की तारीख**	**यदि आप इन तिथियों के बीच अपना आवेदन फ़ाइल करते हैं:**	**आपका लाइसेंस शुल्क है:**
2 वर्ष	31 जुलाई विषम वर्ष	विषम वर्ष के 1 अगस्त से सम वर्ष के 31 जनवरी तक	$340
		सम वर्ष के 1 फरवरी से विषम वर्ष के 31 जुलाई तक	$255
		सम वर्ष के 1 अगस्त से विषम वर्ष के 31 जनवरी तक	$170
		विषम वर्ष के 1 फरवरी से सम वर्ष के 31 जुलाई तक	$85 या *$425

*यदि आप लाइसेंस समाप्ति की तारीख से छह महीने के भीतर आवेदन कर रहे हैं, तो आप अगले कार्यकाल हेतु लाइसेंस नवीनीकृत करने के लिए शेष लाइसेंस अवधि हेतु यथानुपात शुल्क और पूर्ण शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। यदि आप दोनों शुल्क का भुगतान करते हैं, तो आपको लाइसेंस की अगली अवधि के अंत तक लाइसेंस को नवीनीकृत कराने की ज़रूरत नहीं होगी।

शुल्क का भुगतान

DCA लाइसेंसिंग सेंटर क्रेडिट कार्ड (Visa, MasterCard, American Express, और Discover Card) से या NYC Department of Consumer Affairs को देय चेक या मनी ऑर्डर द्वारा भुगतान स्वीकार करता है।

यदि आप अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करते हैं, तो आपको प्रमुख क्रेडिट कार्ड के ज़रिए भुगतान करना होगा।

नोट: क्रेडिट कार्ड भुगतान वापस न लौटाने योग्य 2.00% सुविधा शुल्क के अधीन है। जिसके लिए भुगतान किया गया है उसके रद्द किए जाने, वापस किए जाने, या चार्ज बैक किए जाने पर, आपको सुविधा शुल्क के विवाद हेतु अपनी क्रेडिट कार्ड कंपनी से संपर्क करना होगा।

पुराना सामान डीलरों के लिए अतिरिक्त संसाधन

- **लाइसेंसिंग क़ानून/नियम पुस्तिका (पुराने सामान के डीलर)**
- **निरीक्षण जाँच-सूची: पुराने सामान के डीलर**